# रतनगढ़ मार्ग पर हुई लूट का 36 घंटे में खुलासा

## रतनगढ़ माता मंदिर पर दम्पति और ग्वालियर के बेहट में हुई थी लूट

नवभारत न्यूज

**दतिया, 18 मई।** रतनगढ़ माता मंदिर पर दम्पति और ग्वालियर के बेहट में हुई लूट की वारदात का खुलासा हुआ है। डीपार पुलिस ने पकड़े शातिर लुटेरे। ग्वालियर और दतिया में लूट का खुलासा करते हुए पत्रकारों को कन्ट्रोल रूम में जानकारी पुलिस अधीक्षक मयूर खण्डेलवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि 30 हजार रुपए के इनामी भूरा खान, सोहेल खान नामक लुटेरे को गिरफ्तार किया, लूट कांड में एक बाल अपचारी भी पकड़ा। रतनगढ़ माता मंदिर पर दम्पती और ग्वालियर के बेहट में हुई लूट की वारदात का खुलासा। लुटेरों के कब्जे से लूटे गए सोने चांदी के जेवरात, नगदी और एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद। दतिया एसपी खंडेलवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि महज 36 घंटे में लूट की वारदात का खुलासा करने वाले डीपार पुलिस को पुरस्कृत करने की बात कही। लुटेरों की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रुम दतिया पहुंचे ग्रामीण और एसपी, एएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारी का किया सम्मान।

उन्होंने बताया कि 30,000 के 02 इनामी आरोपी मय कट्टा एवं संपूर्ण मशरूका सहित गिरफ्तार, एवं एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया लूट में गया संपूर्ण मशरूका सोने चांदी के आभूषण, नगदी व मोबाइल किया बरामद जिला ग्वालियर में की गयी लूट का भी मशरूका बरामद घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 14.05.2026 को दोपहर लगभग 3 बजे खमरौली-लोकेंद्रपुर मार्ग पर करौली के पास चार अज्ञात बदमाशों द्वारा रतनगढ़ माता मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे ग्राम सोनी, थाना मेहगांव जिला भिंड निवासी अवधेश कुशवाहा, उनकी पत्नी जूली कुशवाहा एवं भाई विवेक कुशवाहा को कट्टा अड़ाकर सोने का मंगलसूत्र, सोने का ओम, सोने की अंगूठियां, चांदी की करधनी एवं नगद राशि लूट ली गई थी।

घटना की पुष्टि होने पर थाना डिरौली पार में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। दिनांक 16.05.2026 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना में ग्राम रतवा थाना मौ जिला भिंड के कुछ अपराधी शामिल हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा ग्राम रतवा में दबिश देकर भूरा खान, सोहेल खान एवं एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ उक्त लूट की वारदात करना स्वीकार किया। साथ ही ग्राम रनगवां जिला ग्वालियर में हुई एक अन्य लूट की घटना को अंजाम देना भी स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर का देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस एवं लूटा गया समस्त सोने-चांदी का मशरूका बरामद किया गया। साथ ही ग्वालियर जिले के रनगवां क्षेत्र से लूटा गया मशरूका भी जप्त किया गया है। पूछताछ में आरोपियों के अन्य साथियों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त हुई है, जिनकी तलाश एवं विस्तृत पूछताछ जारी है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया जाएगा।

# मानसून से पहले नाले-नालियों की सफाई कराएं : वानखड़े



नवभारत न्यूज

**दतिया, 18 मई।** मानसून प्रारंभ होने से पूर्व नगरों में नाले-नालियों की साफ-सफाई एवं जहां अतिक्रमण है, वहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए, जिससे वर्षाकाल में जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। उक्त बात कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने सोमवार को सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व कलेक्टर श्री वानखड़े ने जनसंपर्क संचालनालय द्वारा जिला स्तर पर तैयार किए गए आधिकारिक व्हाट्सऐप चैनल का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया शासन और प्रशासन को आमजन से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। अब नागरिक घर बैठे शासन की योजनाओं, नीतियों, निर्णयों एवं जिले की गतिविधियों की त्वरित एवं प्रमाणिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने, गेहूं उपार्जन की प्रगति, मानसून पूर्व तैयारियों, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जलाशयों में पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था एवं जल शक्ति अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण जैसे राजस्व प्रकरणों की निरंतर गहन समीक्षा की जाएगी इसलिए सभी राजस्व अधिकारी अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। इसके लिए डीपीसी को विशेष अभियान चलाने के लिए कहा गया। बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दीवान की हार्ट अटैक से मौत,



**दतिया, 18 मई।** लाच थाने मे पदस्थ दीवान रमेशचन्द्र प्रजापति की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रमेश सिंह प्रजापति मूल रूप से भिंड जिले के निवासी थे और पुलिस विभाग में दीवान के पद पर कार्यरत थे। उनकी सेवा अवधि के केवल 3 साल शेष थे, जिसके बाद वे सेवानिवृत्त होने वाले थे। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस विभाग एवं क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सहकर्मियों और उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।



## मूंगफली से भरी गाड़ी में लगी आग

**बसई, 18 मई।** बसई थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसई बरधुवा प्रधानमंत्री सड़क पर सोमवार की शाम लोडिंग गाड़ी में मूंगफली भरी झांसी की ओर जा रही थी उसी बीच बसई बस्ती प्रधानमंत्री सड़क पर बिजली के तारों से गाड़ी में लदे मूंगफली के बोरे टकरा गए देखते ही देखते बोरो में आग लग गई भरी गाड़ी में आग लगी देख आसपास के लोगों ने अपने अपने घरों से पानी लेकर आग बुझनो दौड़ पड़ो बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सके। हालांकि आग लगने से जान माल की अधिक हानि नहीं हुई यदि समय पर लोगों द्वारा पानी डाल कर आग नहीं बुझाई जाती तो लाखों रुपया नुकसान के साथ जनहानि भी हो सकती थी क्योंकि बसई में सरकार द्वारा आज तक भी आग पर काबू पाने के लिए सरकार ने किसी साधन की सुविधा नहीं कराई।



## नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस की मशाल रैली

**दतिया, 18 मई।** दतिया में नीट पेपर लीक मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने दारूगर पुलिया, से तिगलिया, टाउनहॉल, पटवा तिराह एवं किला चौक तक मशाल रैली निकलकर विरोध प्रदर्शन किया कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने इसे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की इस रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए प्रदर्शनकारियों ने हाथों में में मशाल लेकर नारेबाजी की और कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से मेहनती छात्रों के सपने टूट रहे हैं कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों से देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए जिससे मामले की निष्पक्ष जांच ओर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो सकें। इस अवसर प्रदर्शन करने बालों पूर्व विधायक घनश्याम सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक दांगी वगदा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक शहर अध्यक्ष अजय शुक्ला आदि अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पिस्टल लेकर कार में घूम रहे युवक गिरफ्तार

**दतिया, 18 मई।** एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन के नेतृत्व में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। घटना विवरण देते हुए टीआई कोतवाली धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि होमगार्ड कार्यालय के सामने प्रकाश नगर तिराहा, दिनारा रोड पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक ग्रे रंग की नेक्सॉन कार रोककर चेक किया गया। वाहन चालक की तलाशी लेने पर उसके कमर के दाहिने तरफ एक 32 बोर की अवैध पिस्टल मिली। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जगदीप पुत्र विरयाम सिंह सिद्दू निवासी तिगरु, डबरा जिला ग्वालियर बताया।

आरोपी से उक्त पिस्टल के संबंध में वैध लाइसेंस प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी शराब के नशे में पाया गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने पर उसके कब्जे से 32 बोर की पिस्टल एवं नेक्सॉन कार को मौके पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# न्यास संदेह के घेरे में : विहिप

## कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**दतिया, 18 मई।** सोमवार, न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय पर विश्व हिन्दू परिषद् दतिया मंत्री के नेतृत्व में परिषद् की कार्य समिति के सदस्यों ने दतिया जिला कलेक्टर से भेंट की जिसमें मंत्री अजय राज शर्मा ने दतिया पीताम्बरा पीठ पर हो रही अनियमितताओं और कथित भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त करते हुए आग्रह पत्र सौंपते हुए कहा कि जैसा कि आप सभी को विदित है कि विश्व हिन्दू परिषद् अपने प्रारम्भ से ही मठ मन्दिरों के अधिकार, सुरक्षा, पवित्रता व सुदृढ़ता के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

इसी क्रम में दतिया नगर में स्थित माँ पीताम्बरा पीठ जो कि पूज्यपाद् राष्ट्रगुरु श्री स्वामी जी महाराज के द्वारा स्थापित मन्दिर है जिसकी ख्याति सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त है जोकि हम सभी सनातनियों की आस्था का केन्द्र है। यहां हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन व अपने धार्मिक अनुष्ठान हेतु आते हैं। पूज्यपाद् श्री स्वामी जी महाराज ने अपने करकमलों द्वारा पीठ की व्यवस्थाओं हेतु सन 1978 में माँ पीताम्बरा पीठ रिलिजियस एवं चेरिटेबल ट्रस्ट का निर्माण किया था। परन्तु कुछ समय से हिन्दू समाज व पीठ पर आने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा श्री पीताम्बरा पीठ मन्दिर पर अत्यधिक अनियमितता, व कथित भ्रष्टाचार निरन्तर देखा व सुना जा रहा है, जिस पर किसी भी प्रकार का कोई अकुंश नहीं है।

इसके सम्बन्ध में निरंतर समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया व यूट्यूव विडीओ इत्यादि के माध्यम से समाज में सूचनायें प्रसारित होती रहती हैं। इसलिए समस्त श्रद्धालु, सेवक, दर्शनार्थी अत्यधिक आहत हैं। श्री पीताम्बरा पीठ पर दर्शनार्थियों द्वारा दान का पैसा आता है जिसकी पारदर्शिता नितान्त आवश्यक है। श्री पीताम्बरा पीठ पर व्याप्त अनियमितताओं में से कुछ प्रमुख बिन्दुओं पर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करवाते हुए मंत्री अजय राज शर्मा ने कहा कि लम्बे समय से न्यास मण्डल में मंत्री पद रिक्त है। जिसके कारण यहां की व्यवस्थायें अनियंत्रित हैं।

न्यास मण्डल के सदस्यों की संख्या लम्बे समय से पूर्ण नहीं है। गिने चुने लोग ही निर्णय लेते हैं और उनका क्रियान्वयन ठीक से नहीं होता। सदस्यों के चयन में पारदर्शिता का अभाव है। चयनित सदस्य अपने प्रभाव के कारण लम्बे समय से बने हुये हैं एवं अव्यवस्थाओं पर मौन हैं। निर्माण कार्यों में व्यापक धांधली व टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताएं देखी जा रही हैं। मन्त्रदीक्षा के लिए कोई भी प्रभावी नियमावली नहीं है। ओर जो है उसका पालन नहीं किया जाता, उसमें अपने लोगों को दीक्षा देना अथवा प्रलोभवस दीक्षा देना। दर्शनार्थियों को दर्शन कराने में अव्यवस्थायें अथवा रुपये लेकर दर्शन कराना ऐसी सूचनाएं समय समय पर समाज में आती रहती हैं, निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अत्यधिक कमी का होना जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण पिछले वर्ष निर्माणाधीन पिलर का गिरना।

विश्व हिन्दू परिषद् आवश्यकता पड़ने पर व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उपरोक्त विषय की समस्त जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दी गई है। ज्ञापन देते समय उपस्थित रहे, रामनारायण दांगी, अरुण जोशी, श्यामू कुशवाहा, प्रवीण भोड़ेले, आकाश शर्मा, मैथिली शरण, राघवेंद्र बुंदेला, जयप्रकाश दांगी, श्री कांत इत्यादि।

## विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर बैठक आयोजित

**दतिया, 18 मई।** विप्र फाउंडेशन दतिया की बैठक में आगामी विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विप्र फाउंडेशन के उच्च पदाधिकारियों द्वारा संबंधित सदस्यों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। आगामी कार्यक्रम विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह 6 जून, दोपहर 2 बजे से स्थान वृन्दावन धाम कार्यक्रम से संबंधित सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर उन्हें गतिशील एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु उपस्थित कार्यशील कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। कार्यक्रम की कुशलता, अनुशासन एवं सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भिन्न-भिन्न कार्यों का विभाजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुनील शर्मा संस्थापक अरुण कुमार सिद्ध कोषाध्यक्ष आदेश पाठक सचिव अबदेश शर्मा तथा पंकज गोस्वामी, प्रदीप पाण्डेय, राधाकांत नायक, ब्रजेश शर्मा, अंजनी सिरोठिया, रमाकांत मिश्रा, मनीष शर्मा, कौशल पाठक एवं आशीष शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, समाजहित के कार्यों एवं युवा प्रतिभाओं के सम्मान को लेकर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ।

# सेंवढा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा : विधायक



नवभारत न्यूज

**दतिया, 18 मई।** कुँवर बाबा सरकार मंदिर बजरिया मुहल्ला सेंवढा के भक्तों द्वारा बजरिया मोहल्ला सेंवढा में नगर वासियों के सहयोग से भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा व्यास के रूप में पंडित आशीष कृष्ण महाराज वृंदावन द्वारा कथा की सुंदर व्याख्या कर भगवान की लीलाओं के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन कर भक्तों ता मन मोह लिया।

कथा के पांचवें दिन सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल कथा में सम्मिलित हुये उन्होंने कुँवर बाबा सरकार के दरबार में हाजिरी जी उनके दर्शन का लाभ लिया। इस अवसर पर उपस्थित संजीव भगत द्वारा विधायक श्री अग्रवाल की सेंवढा नगर के सनकुआ धाम के विकास एवं नगर के नाम शिव धाम अथवा सनकुआ धाम रखने हेतु तथा सनकुआ धाम के विकास के लिए मांग की गई जिसके संबंध में विधायक श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अभी सनकुआ धाम के विकास के लिए मेरे द्वारा मुख्यमंत्री से लगभग डेढ़ करोड़ की राशि नगर पंचायत को उपलब्ध कराई गई है।

आगे उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में भी लगभग 1 से 2 करोड़ तक की राशि सनकुआ धाम के विकास के लिये और उपलब्ध कराऊंगा, धाम के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा, उन्होंने कहा कि नगर के नाम के लिये आपस में तय करके मुझे एक लिखित आवेदन दे दें ताकि में विधानसभा के माध्यम से नगर का नाम शिव धाम अथवा सनकुआ धाम के लिए प्रयास कर सकूं। तत्पश्चात विधायक श्री अग्रवाल ने भक्त जनों के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया।

## महाराज बाड़ा से हटाया अस्थायी अतिक्रमण

**ग्वालियर 18 मई।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत महाराज बाड़ा स्थित नजरबाग मार्केट, मुख्य मार्ग पर यातायात एवं आमजनों का रास्ता अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले एवं फुटपाथियो को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई।

## मैरिज गार्डन द्वारा कचरा सीवर लाइन में डालने पर वसूला जुर्माना

**ग्वालियर 18 मई।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत एवं शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सड़क पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी प्रतीक राव के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज वार्ड 59 अंतर्गत कोठी गांव के आसपास बने ग्रीन पेटल मैरिज गार्डन रिवाज मैरिज गार्डन, एंजॉय मैरिज गार्डन द्वारा सीवर लाइन में कचरा डालने पर उक्त मैरिज गार्डनों पर 6000 रुपए जुर्माना कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान जेडएचओ एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्टी गांव-गांव जाकर आमजन की समस्याओं को उठाएगी : नायक



नवभारत न्यूज

**दतिया, 18 मई।** जिला कांग्रेस एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अवधेश नायक के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि रूप में पूर्व विधायक घनश्याम सिंह उपस्थित रहे बैठक संचालन जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेंद्र गुर्जर ने किया बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर एवं संगठन को मजबूत बनने आगामी आंदोलन की रणनीती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कांग्रेस नेताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा संगठन विस्तार नए कार्यकताओं को जोड़ने ओर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाए। नेताओं ने कहा कि पार्टी गांव गांव जाकर आम लोगों की समस्याओं को उठाएंगी तथा कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य सरकार की नाकामियों को लेकर जनता के बीच जाए पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतें एवं महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार,किसानों की सदस्याओं एवं बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी व परीक्षाओं में गड़गड़ी जैसे मुद्दे पर आम जनता परेशान है पार्टी इन मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करेगी ताकि भाजपा सरकार का वास्तविक चेहरा जनता के सामने आ सके। बैठक में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला, अनूप पाठक, राधावल्लभ सरवरिया, पार्षद जीतू प्रजापति, महिपाल सिंह गुर्जर, पातीराम पाल, रामू गुर्जर, एडवोकेट रमा सिंह बेस, लक्ष्मीनारायण कुशवाहा, सुरेश झा, शंभू गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जौरा जिला मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/रा./न.पा./2026-27/1347 — जौरा, दिनांक 18/05/26

**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय)**

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों/ आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा दुकानों की नीलामी हेतु उच्चतम बोली की निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति नीचे दर्शित तालिका अनुसार कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा दिनांक 02.06 2026 सायं 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | आरक्षित श्रेणी | ऑनलाइन टेण्डर आई डी | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | कार्यालय नगर पालिका परिषद जौरा के पीछे स्थित दुकान क्र.01 | अनु. जन जाति | 2026_UAD_ 507885_1 | 3,04,440 | 3,044 | 1,000 |
| 02. | कार्यालय नगर पालिका परिषद जौरा के पीछे स्थित दुकान क्र.02 | अनु. जाति | 2026_UAD_ 507885_2 | 3,04,440 | 3,044 | 1,000 |
| 03. | कार्यालय नगर पालिका परिषद जौरा के पीछे स्थित दुकान क्र. 03 | महिला | 2026_UAD_ 507885_3 | 3,04,440 | 3,044 | 1,000 |
| 04. | कार्यालय नगर पालिका परिषद जौरा के पीछे स्थित दुकान क्र.05 | अनु. जाति | 2026_UAD_ 507885_4 | 3,04,440 | 3,044 | 1,000 |
| 05. | कार्यालय नगर पालिका परिषद जौरा के पीछे स्थित दुकान क्र.09 | महिला | 2026_UAD_ 507885_5 | 3,04,440 | 3,044 | 1,000 |
| 06. | कार्यालय नगर पालिका परिषद जौरा के पीछे स्थित दुकान क्र.10 | शिक्षित बेरोजागार | 2026_UAD_ 507885_6 | 3,04,440 | 3,044 | 1,000 |
| 07. | वार्ड 05 में मई रोड़ स्थित दुकान क्र.06 की नीलामी (साइज 9.55 वर्ग मीटर) | अनु.जन. जाति | 2026_UAD_ 507885_7 | 3,21,200 | 3,212 | 1,000 |
| 08. | वार्ड 03 में नवीन बसस्टैण्ड पर नवनिर्मित दुकानों के ऊपर निर्मित हॉल की नीलामी (साइज 107.30 वर्ग मीटर) | ---- | 2026_UAD_ 507885_8 | 17,16,800 | 85,840 | 2,000 |

**नोट:-** निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु निकाय की राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें। समस्त विवादों के लिये न्याय क्षेत्र जौरा होगा।

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**जौरा जिला मुरैना**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**जौरा जिला मुरैना**



## कार्यालय नगर परिषद बानमौर जिला मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/2026/845 — बानमौर, दिनांक 18/5/2026

**// ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाइन टेण्डर आई. डी क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाखों में) | प्रपत्र का निविदा मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_UAD_ 508339_1 | वार्ड क्र. 05 में भूरा बाल्मीकि के मकान से कृष्णा गुर्जर के मकान तक सी.सी नाला निर्माण कार्य। | 04 माह एवं 16,88,181/- | 2,000/- एवं 12,661/- | 22.06.2026 सायं 05:30 बजे तक |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**(गीता लक्ष्मण जाटव)** (अध्यक्ष) नगर परिषद बानमौर

**(ऐश्वर्य गोयल)** उपयंत्री नगर परिषद बानमौर

**(नरेश सैमिल)** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बानमोर जिला मुरैना